**पूर्व मध्य रेल**

कार्यालय
प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक
पूमरे / हाजीपुर

पत्र सं0: ईसीआर / सीएमएम–IV / डिपो निरीक्षण

दिनांक: 22.05.2025

**विषय:– श्री रवि नंदन सिन्हा, मुख्य सामग्री प्रबंधक–IV द्वारा दिनांक 21.05.2025 को टी आर एस डिपो / पूमरे / पतरातु के निरीक्षण का निरीक्षण रिपोर्ट।**

निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित थे:

1. श्री मनोज कुमार :– सहायक सामग्री प्रबंधक / पतरातु
2. श्री दीपक कुमार :– सीडीएमएस / पतरातु

| S.N. | Observation | Action by |
|---|---|---|
| 1 | डिपो के अंदर एवं बाहर रखे गये अधिकतर सामानों पर सामग्री का टैग नहीं लगा था। सभी सामानों पर उचित टैग लगाया जाय। | AMM/PTRU |
| 2 | प्लेटफॉर्म पर रखे हुए सामान अव्यवसथित तरीके से पड़े हुए हैं। ALCO, HHP, एवं Electric LOCO के आइटम एक दूसरे में मिले हुए हैं इनको सही तरीके से व्यवस्थित कर उचित तरीके से टैग लगाया जाय। | AMM/PTRU |
| 3 | डिपो के अंदर एवं बाहर रखे गये सामानों पर बहुत ज्यादा धूल, मकड़ी की जालें एवं दीमक इत्यादि लगे पाये गये। इनका ठीक प्रकार से सफाई कराना सुनिश्चित करें। | AMM/PTRU |
| 4 | डिपो के अंदर Drum Stacking Machine कई वर्षों से अनुपयुक्त पड़ी हैं। यदि वहाँ पर आवश्यकता न हो तो किसी अन्य डिपो में भेज दिया जाए जहाँ उपयोग में लाया जा सके। | AMM/PTRU |
| 5 | डिपो के अंदर 9 बैट्रियाँ वारंटी के तहत लगभग 5 वर्षों से पड़ी हैं। इनका त्वरित निस्तारण किया जाय। | AMM/PTRU |
| 6 | लेजर सेक्शन एवं एलपी सेक्शन में बहुत पुराने रिकॉर्ड, फाईल्स एवं दस्तावेज रखे हुए हैं इनका प्रचलित नियमों के अनुसार निस्तारण किया जाय। | AMM/PTRU |
| 7 | सहायक सामग्री प्रबंधक के कक्ष के बगल के कक्ष में बालू रखा हुआ है एवं उसी के उपर फिल्टर रखा हुआ है। कुछ फिल्टर Upside down की स्थिति में रखे हैं जिनसे तेल का रिसाव हो रहा है। कक्ष से बालू हटाकर फिल्टर को व्यवस्थित तरीके से रखा जाय। | AMM/PTRU |
| 8 | डिपो कर्मचारियों ने कम्प्यूटर की कमी बतायी है। उचित मात्रा में कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं स्कैनर मशीन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाय। | Sr.DMM/DHN<br>AMM/PTRU |
| 9 | डिपो में ADS के 9 पद की जगह सिर्फ 3 ADS कार्यरत हैं जबतक नियमित ADS नहीं मिल जाते हैं तबतक कम से कम 5 व्यक्तियों को Labour contract के माध्यम से नियुक्त कर काम कराया जाय। | Sr.DMM/DHN<br>AMM/PTRU |
| 10 | डिपो में बहुत सारे ALCO LOCO के सामानों का सर्वे होना है तथा बहुत से मद समस्तीपुर भेजने हैं। इन दोनों कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाय। | AMM/PTRU |

**(रवि नंदन सिन्हा)**
**मुख्य सामग्री प्रबंधक–IV**
**पूमरे / हाजीपुर**

**प्रतिलिपि:–** सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. सचिव / प्रमुसाप्र / हाजीपुर :– प्रमुसाप्र महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य सामग्री प्रबंधक–I,II,III / पूमरे / हाजीपुर।
3. वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक / पूमरे / धनबाद।
4. वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर / पूमरे / पतरातु।
5. सहायक सामग्री प्रबंधक / पूमरे / पतरातु।